## बेटे, पार्टनर को गिरफ्तार कर लिया रिमांड में, शमीम कबाड़ी का मोबाइल खोलेगा कई राज

# आतंकी साजिश की आशंका पर एनआइए का फोकस

हरिभूमि, जबलपुर।

हरिभूमि फॉलोअप

खजरी खिरिया बायपास स्थित रजा मेट्रल इंडस्ट्री एवं व्हीकल स्कैपिंग यार्ड में हुए भीषण विस्फोट की जांच अब केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा शुरु कर दी गई है। हादसे के बाद फरार मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर शमीम कबाड़ी के बेटे फहीम, पार्टनर सुल्तान को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार को न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों को 1 मई तक की रिमांड पर लिया गया। खास बात यह है कि हादसे में घायल और मृतकों के संबंध में सभी जिम्मेदार अधिकारी बयान से किनारा कर रखे है। वहीं केन्द्रीय जांच एजेंसी एनआईए आतंकी साजिश की आशंका पर फोकस कर रही है। जिसमें शमीम कबाड़ी का मोबाईल अहम माना जा रहा है। जांच एजेंसी शमीम और उसके मोबाईल को पाने के लिए जी-जान से जुट गई है। गौरतलब हैं कि जिले के अंदर बड़ी मात्रा में कबाड़ को नष्ट किया जाता हैं। इसकी खबर कबाड़ संचालक और वहां काम कर रहे लोगों को ही होती है। प्रशासन का इससे कोई सारोकार नहीं है। जिला प्रशासन की लापरवाही और पुलिस की अनदेखी की वजह से इतना भयंकर विस्फोट हुआ वहां पर 8 फुट गहरा और 8 फुट लंबा गड्ढा हो गया। वहीं शटर के टुकड़े उड़कर 100-100 मीटर दूर गिरे। 25 से 50 किलो तक के कबाड़ के टुकड़े दूर-दूर तक जा गिरे। आलम यह था कि 5 किलोमीटर दूर तक के मकानों में दरार आ गई और मकानों व खिड़की में लगे दरवाजे टूट गए।



### संचालित हो रहे रजिस्टर्ड 51 कबाड़खाने

यहां उल्लेखनीय है कि जबलपुर जिले में 51 ऐसे कबाड़खाना हैं, जहां पर बड़ी मात्रा में कबाड़ को नष्ट किया जाता है। इन 51 कबाड़खानों के संचालकों ने इस काम के लिए उद्योग विभाग में बकायदा इसका पंजीयन भी करा रखा हैं। इस विस्फोट मामलें में एक तरफ एनआईए यहां आतंकी साजिश के बिन्दु पर जांच कर रही है तो वही नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस के साथ-साथ एसटीएफ को जांच में सहयोग कर रही है।

### साधारण कबाड़ नष्ट की अनुमति

केंद्रीय सरकार के उद्धम पंजीयन की वेबसाइट में इन्होंने अपना पंजीयन कराया था। इसमें मो. शमीम और उसके बेटे फहीम, दोनों ने अलग-अलग नाम से पंजीयन कराया था। पिता मो. शमीम खान ने रजा ट्रेडर्स के नाम से अपना पंजीयन कराया तो वहीं बेटे फहीम ने रजा मेट्रल इंडस्ट्रीयल ने पंजीयन कराया। दोनों ने आठ दिन के अंतराल में पंजीयन कराया, ताकि एक साथ कबाड़ को नष्ट किया जाए। इन्होंने साधारण कबाड़ नष्ट करने की स्वीकृति ली, लेकिन कबाड़खाने में बम से लेकर आयुध निर्माण में बनने वाले यंत्र और मशीन कलपुर्जे के कबाड़ को नष्ट किया जा रहा था।

### हर एंगल पर एनआइए और एनएसजी की जांच

सूत्रों की माने तो बाप-बेटे, दोनों ही खरतनाक कबाड़ को नष्ट करने का काम कर रहे थे। इन कबाड़ में कई ऐसे कलपुर्जे थे, जो पूरी तरह से नष्ट नहीं हुआ। इन्हें खमरिया और आमला फैक्ट्री से खरीदी जा रहा था। जांच एजेंसी को शक है कि इन कलपुर्जे का उपयोग हथियार बनाने में किया जा रहा था। इतना ही नहीं सूत्र बताते हैं कि विस्फोट में बोफोर्स तोप का बम या एयरक्राफ्ट का बम फटा, लेकिन इसे कहां से लाया गया और यह सक्रिय था या निष्क्रिय, यह जांच का विषय है। जांच टीम ने जिला प्रशासन और पुलिस को अपनी जांच से दूर रखा है। उन्हें शक है कि इनमें कई ऐसे लोग भी शामिल हो सकते हैं, जो जांच को प्रभावित करें या फिर उनके परिणाम की जानकारी सार्वजनिक कर दें।

### फैक्ट्री अधिकारियों से भी होगी पूछताछ

खजरी खिरिया बाइपास स्थित कबाड़ गोदाम में भीषण विस्फोट की जांच के लिए एनआइए व एनएसजी की टीम जबलपुर पहुंच चुकी है। शुक्रवार को कबाड़ गोदाम की जांच के बाद टीम अब आयुध निर्माणियों में जांच के लिए पहुंची। सबसे बड़ा सवाल यह उठा की आयुध सामग्री बाहर कैसे आई? खमरिया फैक्ट्री के महाप्रबंधक से इस संबंध में एनआईए सहयोग मांग रही है।

### पुराना हिस्ट्रीशीटर है शमीम कबाड़ी

कबाड़ी में बम विस्फोट के मुख्य आरोपी शमीम खान के खिलाफ जबलपुर, उमरिया, कटनी, नरसिंहपुर, सागर जिले में 24 एफआईआर दर्ज है। 1995 में उसके खिलाफ धोखाधड़ी की पहली एफआईआर गोहलपुर थाने में दर्ज हुई थी। जिसके बाद वह लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा। चोरी, डकैती, रेल संपत्ति की चोरी, आपराधिक षडयंत्र जैसे मामलों में पुलिस उसे आरोपित बना चुकी है। उसके खिलाफ जबलपुर के गोहलपुर थाना में धोखाधड़ी, हत्या का प्रयास, मारपीट, आर्म्स एक्ट, सट्टा एक्ट, लूट तथा सिविल लाइन में धोखाधड़ी, आरपीएफ थाना जबलपुर में आरपीएफ एक्ट के कई मामले, उमरिया जिला के पाली थाना में चोरी, आरपीएफ एक्ट, धोखाधड़ी, टेलीग्राफ एक्ट के छह प्रकरण, सागर के बहेरिया थाना में चोरी के दो प्रकरण, कटनी के आरपीएफ थाना में आरपीएफ एक्ट, नरसिंहपुर के गोटेगांव थाना में डकैती, चोरी, आपराधिक षडयंत्र, जबलपुर के अधारताल थाना में ईसी एक्ट, चोरी, धमकी आदि घटनाओं की एफआईआर दर्ज की गई थी। शमीम अपराध पर अपराध करता रहा, परंतु पुलिस उसे लंबे समय तक जेल में नहीं रख पाई।

### शमीम का मोबाइल खोलेगा राज

शमीम कबाड़ी घटना के बाद से फरार है। सूत्रों की मानें तो घटना के वक्त शमीम घटनास्थल पर मौजूद था और उसके साथ 8 लोग और थे जो कबाड़खाने में काम करते थे। लेकिन घटना का एक पहलू यह भी है कि जिस दिशा में बम का धमाका हुआ उसकी विपरित दिशा में यह लोग बैठे थे। इसलिए यह लोग घटना के शिकार होने से बच गए थे हालांकि स्थानीय लोगों ने इन्हें घेर लिया था लेकिन यह बचकर निकल गए। अब एनएसजी और एनआईए दोनों ही सुरक्षा एंजेसियां जहां जांच में एनडीआरएफ और एसआईटी की मदद कर उन्हें जांच की दिशा बता रही है। सूत्रों की मानें तो एनआईए आतंकी साजिश होने की आशंका के बिन्दु पर जांच कर रही है और उन्हें शमीम के मोबाइल फोन की तलाश है अब जांच का केंद्र बिन्दु शमीम का मोबाइल बन गया है। इसकी कॉल डिटेल मिलने के बाद यह स्पष्ट होगा कि वह मौके पर था कि नहीं, और घटना के बाद उसकी किन-किन लोगों से बात हुई, साथ ही एनआईए यह भी पता लगाने की कोशिश करेगी कि सुरक्षा संस्थानों के विस्फोटक कहां से और किस माध्यम से पहुंचे क्योंकि अभी कबाड़खाने में खतरनाक मोर्टार, ग्रेंडहैनेड और मिसाइलों के खोंखे मिलें हैं। दरअसल एनआईए यह जानना चाहती है कि ऐसे किसी रजिस्टर्ड कबाड़ी ने विस्फोटकों के स्क्रैप खरीदे है तो उसमें जिंदा बम कैसे आ गए। इसमें किसकी गलती है।

### इनका कहना है

घटनास्थल पर सभी सुरक्षा एंजेसियां अपना काम कर रही है। पुलिस उनको पूरा सहयोग कर रही है। पुलिस और सभी जांच एंजेसियों का घटनास्थल का बारीकी से जांच कर पहले सुरक्षा का मानक तय कर लिया जाए कि वहां पर कोई भी इस तरह का विस्फोटक मौजूद नहीं है ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। सभी एंजेसियां समन्वय बनाकर हर एंगल पर मामलें की जांच कर रही है।

-**अनिल कुशवाहा**, आईजी जबलपुर जोन

कबाड़ गोदाम में रखा था 300 लीटर डीजल
पुलिस की छापेमारी में मिला अवैध स्टॉक

## नगर निगम का अमला सुबह से जांच में जुटा

# होटलों, अस्पतालों ऊंची इमारतों में फायर सेफ्टी की हो रही जांच

**जबलपुर।** कबाड़ गोदाम के धमाके की आंच में जबलपुर के अलग अलग विभाग भी तप रहे हैं। उनपर जांच में लापरवाही और जांच में कोताही के आरोप भी लग रहे हैं। हादसे के बाद अब प्रशासन हरकत में है। जहां एक तरफ जिला प्रशासन और पुलिस की टीम कबाड़खानों की जांच में जुटी हैं। वहीं नगर निगम अमला भी शनिवार फायर सेफ्टी की जांच के लिये निकला। फायर अधीक्षक कुशाग्र ठाकरे ने बताया कि नगर निगम जांच अभियान शुरु किया है। शहर के अस्पतालों, होटलों और ऊंची इमारतों में फायर सेफ्टी की चेकिंग की जा रही है। शनिवार सुबह नगर निगम की टीमें कबाड़खानों में भी पहुंचीं जहां फायर सेफ्टी के मानकों की जांच की गई। उन्होंने ने बताया यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

कार्रवाई के संबंध में फायर अधीक्षक कुशाग्र ठाकुर ने निरीक्षण कार्यवाही के प्रथम चरण में 51 फ़्यूल ]फिलिंग सेन्टर्स (पेट्रोल, ड़ीजल पम्पस्) के निरीक्षण का कार्य किया गया जिसमें यह पाया गया कि समस्त फ़्यूल ]फिलिंग सेन्टर्स बिना किसी वैध अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र के संचालित किए जा रहे है और अधिकांश फ़्यूल ]फिलिंग सेन्टर्स में अग्निशमन उपकरण आउटडेटेड, एक्सपायर्ड या आवश्यकता से कम संख्या में पाए गए। तत्सम्बन्ध में ऐसे समस्त संचालकों को विभाग द्वारा नोटिस जारी किए हैं तथा ऐसे फ़्यूल ]फिलिंग सेन्टस जहाँ अग्निशमन की कोई व्यस्था नहीं पाई गई। उनके लाइसेंस अस्थाई तौर पर निरस्त करने हेतु बाजार विभाग को लिखित सूचना प्रेषित की गई है। फायर अधीक्षक कुशाग्र ठाकुर ने बताया कि इसी प्रकार फ़्यूल ]फिलिंग सेंटर्स के अलावा अस्पताल, होटल्स, शो-रूम्स, बैंक्स, कॉर्पोरेट ऑ]फिसेस एवं शॉपिंग सेंटर्स की भी अग्निशमन व्यवस्थाओं के निरीक्षण विभागीय दल के द्वारा निरन्तर किए जा रहे हैं, तथा निरीक्षणों के दौरान पाई जा रही अनियमित्ताओं के सम्बन्ध में नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अस्पताल भवनों की अग्निशमन व्यवस्थाओं में पाई गई अनियमित्ताओं के विषय में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जबलपुर को पत्र के माध्यम से सूचित किया जा रहा है।

### पहले दिन 69 संस्थानों का निरीक्षण

*उन्होंने बताया नगर पालिक निगम, जबलपुर सीमान्तर्गत स्थित आयुष्मान चिल्ड्रन हॉस्पिटल, होटल शिखर पैलेस, होटल अरिहन्त पैलेस, महाकौशल अस्पताल, जौहरी अस्पताल, गोल्डन हार्ट अस्पताल एवं त्रिवेणी हेल्थ सेंटर अस्पताल में निरीक्षण किए गए, जहाँ अग्निशमन व्यवस्थाओं में भारी अनियमितताएँ पाई गई हैं। अग्निशमन विभाग द्वारा उक्त संस्थानों के संचालकों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को कुल 69 संस्थानों के निरीक्षण विभागीय दल द्वारा किए जाकर नोटिस जारी कर कंप्लायंस के साथ अग्निशमन अंकेक्षण (फ़ायर ऑडिट रिपोर्ट) प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया जा चुका है, निर्देशों का पालन नहीं किए जाने की स्थिति में उचित सुनवाई के उपरान्त ऐसे संस्थानों के लाइसेंस निरस्त कर व्यावसायिक गतिविधियाँ प्रतिबन्धित किए जाने की कार्यवाही निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में सुनिश्चित की जागेगी।*

## पुलिस की छापेमारी में मिला अवैध स्टॉक

# कबाड़ गोदाम में रखा था 300 लीटर डीजल

**जबलपुर।** विस्फोट की घटना के बाद लगातार छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। कल शाम माढ़ोताल क्षेत्र में एक कबाड़खाने की तलाशी के दौरान गोदाम में रखा 300 लीटर अवैध डीजल जब्त कर लिया गया। कबाड़ मालिक ने खुद का डीजल बताया है। अवैध रुप से डीजल का स्टॉक करने पर उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। माढ़ोताल थाना प्रभारी माढ़ोताल विपिन ताम्रकार ने बताया कि थाना क्षेत्र के कबाड़ दुकान एवं गोदाम को संयुक्त रूप से चेकिंग हेतु खजरी खिरिया वायपास मे उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भगत सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पनागर संभाग अभिषेक सिंह के निर्देश पर खजरी खिरिया में बने कबाड़ियों के गोदामों की चैकिंग दौरान एन आई ट्रेडर्स जहां लोहे, प्लास्टिक के कबाड़ एवं अन्य प्रकार के कबाड़ रखे हुये थे उन्हीं के बीच में तीन ड्रम जिनमें 2 ड्रम प्लास्टिक एवं एक ड्रम लोहे का था में लगभग 300 लीटर डीजल भरा मिला, पूछताछ पर इरशाद अहमद ने स्वंय का होना बताया जिससे डीजल रखने के दस्तावेज उसके पास नहीं थे। गोदाम के आसपास अन्य वेयर हाउस एवं कबाड़ के गोदाम है इतने अधिक ज्वलनशील पदार्थों के भण्डारण से जान माल की हानि हो सकती है एवं लोगों के जीवन में संकट उत्पन्न हो सकता है को दृष्टिगत रखते हुये आरोपी इरशाद अहमद उम्र 25 वर्ष निवासी नूरी नगर गोहलपुर के कब्जे से कुल 300 लीटर डीजल जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 285 तथा 3,7 ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



### एक्टिवा में शराब की तस्करी कर रहा आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** विजयनगर थाना अतंर्गत मिथिलापुरी गार्डन विनय डेरी के पास एक्टिवा में शराब बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे एक जीजा को पुलिस ने पकड़ लिया वहीं उसका साला मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 पाव देशी शराब और मोबाइल जब्त किया है। विजयनगर थाना प्रभारी श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि गंगासागर मदनमहल निवासी 32 वर्षीय संजय चौधरी गत रात अपने साले साहिल बेन के साथ मिथिलापुरी गार्डन विनय डेरी के पास विजयनगर में एक्टिवा में शराब बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी संजय चौधरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 पाव देशी शराब व मोबाइल जब्त कर लिया है। वहीं उसका साला साहिल बेन मौके से फरार हो गया। शराब के संबंध में पूछताछ करने पर अपने साले साहिल बेन के साथ मिलकर उक्त शराब बेचने की बात स्वीकार की।

## स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किये निर्देश

# जबलपुर की तर्ज पर प्रदेश के प्रत्येक जिले में लगेंगे पुस्तक मेले

**जबलपुर।** निजी स्कूलों, प्रकाशकों और किताब विक्रेताओं की साठगांठ से अभिभावकों को राहत दिलाने जबलपुर में आयोजित किये गये पुस्तक मेला को मिली सफलता को देखते हुये अब राज्य शासन ने प्रदेश भर में इनका आयोजन करने के निर्देश दिये हैं । राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने इस बारे में प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर को पत्र भेजकर नये शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को उचित मूल्य पर पुस्तकें, यूनिफार्म, कापियां एवं स्टेशनरी आदि सुलभ कराने पुस्तक मेले का आयोजन करने कहा है। ज्ञात हो कि जबलपुर में कलेक्टर दीपक सक्सेना की पहल पर स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों को निजी स्कूलों की मनमानी से राहत दिलाने तथा प्रतिस्पर्धी एवं न्यूनतम मूल्य पर किताबें, कॉपियां, यूनिफार्म, जूते, टाई, स्कूल बैग एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक में 10 से 14 अप्रैल तक पुस्तक मेला का आयोजन किया गया था। नागरिकों और अभिभावकों से मिले अच्छे रिस्पांस और उनकी मांग को देखते हुये जिला प्रशासन को पाँच दिवसीय इस मेले की अवधि एक दिन और बढ़ानी पड़ी थी। जबलपुर में आयोजित किये गये पुस्तक मेले के आयोजन की अवधि के दौरान प्रदेश के कई जिलों ने इसमें रूचि दिखाई थी और स्थानीय अधिकारियों से सम्पर्क कर इस संबंध में जानकारी भी ली थी।

पुस्तक मेला के आयोजन के बारे में राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला कलेक्टरों को दिये गये निर्देशों में कहा गया है कि यदि उनके जिले में निजी स्कूलों, प्रकाशकों और किताब विक्रेताओं की साठगांठ के कारण विद्यार्थियों और अभिभावकों को परेशानी हो रही है तो स्थानीय परिस्थितियों का आंकलन कर प्रत्येक जिले में उपयुक्त स्थान का चयन कर यथाशीघ्र इसका आयोजन किया जाये । स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कहा गया है कि पुस्तक मेला में कॉपी-किताबों के साथ-साथ यूनिफार्म एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री के स्टॉल भी प्रकाशकों एवं विक्रेताओं से लगवायें जायें, ताकि एक ही स्थान पर सभी सामग्री उचित और न्यूनतम दर पर उपलब्ध हो सके। कलेक्टरों को पुस्तक मेले के अयोजन में चुनावी आदर्श आचार संहिता का विशेष ध्यान रखने कहा गया है । स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पत्र में बताया गया है कि पुस्तक मेले के आयोजन कि अनुमति भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त कर ली गई है।

## समिति प्रबंधक नियुक्ति का मामला...

# भोपाल तक मचा हड़कंप

### जांच टीम को मैनेज करने की कोशिश में बेनकाब हुए चेहरे..?

हरिभूमि, जबलपुर।

हरिभूमि फॉलोअप

प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं में कार्यरत सहायक समिति प्रबंधकों (संवर्ग) जिला जबलपुर एवं कटनी की कैडर भर्ती में सहायक समिति प्रबंधक से प्रबंधक नियुक्ति मामले की जांच करने भोपाल से आई 2 सदस्यीय जांच टीम को भी मैनेज करने का प्रयास किया, हालांकि वह कितनी मैनेज हुई ये अलग बात है परंतु इतना जरूर कहा जा रहा है कि इन नियुक्तियों से भोपाल तक में हड़कंप मच गया है। उल्लेखनीय है कि चुनावी आचार संहिता लगने के एक दिन पूर्व 15 मार्च को 27 समिति सहायक प्रबंधकों को प्रबंधक के पद पर नियुक्ति की गई है। आनन-फानन में हुई इन नियुक्तियों में व्यापक धांधली होने की बात भी की गई थी। इतना ही जिला सहकारी बैंक मर्यादित मुख्यालय द्वारा दस्तावेजों के परीक्षण के लिये गठित टीम द्वारा दस्तावेजों की जो जांच की थी उसमें सवालिया निशान लगाए थे।

### टीम ने माना धांधली हुई है

सूत्रों का कहना है कि भोपाल द्वारा गठित जांच टीम ने परीक्षण किया तो उन्होंने भी स्वीकार किया है कि दस्तावेजों में भारी हेरफेर कर सहायक प्रबंधक को प्रबंधक बनाया गया है। सेवा नियम 2010 को दरकिनार कर दिया है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि सेल्समेन के पद पर कार्यरत कर्मचारी को सहायक प्रबंधक नहीं बनाया जा सकता है। यहां पर जितनी भी नियुक्ति हुई है पहले सेल्समेन ही थे उसके बाद उन्हें पदोन्नत कर सहायक प्रबंधक बनाया गया था। अब हालात यह हैं कि जिन्होंने टीम को मैनेज करने का प्रयास किया वह चेहरे बेनकाब हो रहे हैं।

### परीक्षण समिति ने किया था विरोध

नियुक्ति पश्चात दस्तावेजों की परीक्षण करने के लिए एक समिति का गठन किया गया था। समिति द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया कि जिनकी नियुक्ति हुई हैं उनके दस्तावेजों का मिलान संबंधित विभाग से कराया जाये परंतु ऐसा नहीं हुआ और यही गड़बड़ी सामने आई है।

### इनकी नियुक्तियों में संशय

सूत्रों का कहना है कि जांच टीम के सामने हालांकि नई फाइलों को रखा गया है इतना ही नहीं दस्तावेजों को नये तरीके से बनाया गया। परंतु सच्चाई सामने आना थी और आई भी। इसमें पूर्व सहकारी सेवा कर्मचारी संघ के राहुल तिवारी पिता काशी प्रसाद तिवारी का नाम सबसे पहले आ रहा है। जबकि मनोज द्विवेदी की नियुक्ति में भी संशय की स्थिति बनी हुई है। ऐसे अनेक नाम हैं जिनका कमेटी अनुशंसा और अनुमोदन की दिनांक एक ही है उसके सारे दस्तावेज भी उपलब्ध हैं।

### कलेक्टर व जांच टीम पर टिकी निगाहें

पूरे मामले में अब नियुक्ति को लेकर कलेक्टर पर निगाहें टिक गई हैं। इसका कारण यह है कि नियुक्ति कर्ता जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मुख्यालय जबलपुर है, और इसके प्रशासक जिला कलेक्टर हैं। ऐसे में अब देखना यह होगा कि क्या प्रशासक इस पूरे प्रकरण को कितनी गंभीरता से लेते हैं। जबकि कहा जा रहा है कि भोपाल से आई जांच टीम ने अभी अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपी है। वह भी क्या तथ्य रखते हैं, ये भी सामने आना अभी बाकी है। हालांकि इतना तय है कि इस मामले में की जांच सही तरीके से हुई होगी तो निश्चित ही कई अधिकारी नप सकते हैं।

# हिंदी टाइपिंग टेस्ट उत्तीर्ण होने के बाद से वेतनवृद्धि का लाभ दें

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने अनुकंपा नियुक्ति के मामले में राहतकारी आदेश पारित किया। इसके अंतर्गत निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को हिंदी टाइपिंग टेस्ट उत्तीर्ण करने के बाद से वेतनवृद्धि का लाभ प्रदान किया जाए। यही नहीं नियमित कर्मियों को दिए जाने वाले सभी लाभ भी दिए जाएं। दरअसल, सीपीसीटी न होने के कारण वेतनवृद्धि का लाभ नहीं दिया जा रहा था। इसीलिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ता सागर निवासी निखिल सिंह ठाकुर की ओर से अधिवक्ता शुभम भारद्वाज ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता वर्ष 2017 में अनुकंपा नियुक्ति पर कार्यरत हुआ था। विभाग ने उसे हिंदी टाइपिंग व सीपीसीटी परीक्षाएं उत्तीर्ण करने के निर्देश दिए थे। वह हिंदी टाइपिंग टेस्ट 2019 में पास कर चुका है। लेकिन सीपीसीटी परीक्षा 2021 में उत्तीर्ण की। याचिकाकर्ता की शासकीय कर्मी मां की मृत्यु 2021 में हुई थी। लिहाजा, 2012 के अनुकंपा नियुक्ति संबंधी नियम प्रभाव में थे। ऐसे में वे नियम लागू नहीं होंगे। अतः सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक नहीं था। इसके बावजूद विभाग ने हिंदी टाइपिंग के साथ सीपीसीटी परीक्षा भी उत्तीर्ण करने का मनमाना निर्देश दिया। हाई कोर्ट ने इस तर्क से सहमत होकर याचिकाकर्ता के हक में राहतकारी आदेश पारित कर दिया।

**हाई कोर्ट अनुकंपा नियुक्ति मामले में सुनाया राहतकारी आदेश**

# कई वर्षों से जमा सुरक्षा निधि एवं बैंक गारंटी के लौटाने की प्रकिया शुरू

## पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रयास से ठेकेदारों के चेहरे खिले

हरिभूमि, जबलपुर।

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में कई वर्षों से जमा सुरक्षा निधि एवं बैंक गारंटी की समय जिनकी समय अवधि बीत चुकी है खोज खोज कर लौटना चालू हुआ। कम्पनी के इस प्रयास से ठेकेदारों में खुशी देखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 500 से ज्यादा ठेकेदारों की सिक्योरिटी डिपॉजिट ,बैंक गारंटी एवं एक लाख के रजिस्ट्रेशन का पैसा काफी दिनों से फंसा हुआ है। कई स्तरों पर बातचीत करने के बाद प्रबंध संचालक द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि हमारे समस्त ठेकेदार बंधु 1912 के माध्यम से कंप्लेंट करके उक्त राशि को प्राप्त कर सकते हैं।

कॉल करने की प्रक्रिया बहुत ही सरल है 1912 पर कॉल करने के बाद आपको अपना सप्लायर आईडी बताना है उक्त रकम किस टेंडर में जमा की गई थी उसका टेंडर नंबर एवं किस कार्यालय में जमा की गई है उसके अधिकारी का नाम बताना है। यह राशि कितनी है और इसका क्या प्रमाण है कि यह राशि आपने जमा की थी वह भी मेल के माध्यम से भेजना है? उक्त राशि एवं टेंडर क्रमांक को निचले स्तर पर अधीक्षण यंत्री कार्यालय से वेरीफाई किया जाएगा एवं उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए उसे तत्काल रिलीज कर दिया जाएगा। वर्षों पुरानी बैंक गारंटी जो कहीं किसी कोने में रखी धूल एवं कचरा में दबी हुई थी, वह भी अब वापस होने लगी। यह बहुत ही सुविधाजनक प्रक्रिया है एवं इस प्रक्रिया से एक हफ्ते के अंदर ही आपकी सिक्योरिटी डिपॉजिट या अन्य राशि वापस आ रही है। अभी तक कई ठेकेदारों ने इस प्रक्रिया का लाभ उठाया है।

प्रदेश अध्यक्ष मध्य भारत विद्युत ठेकेदार संगठन के जनार्दन प्रताप सिंह दुबे ने कहा की हम प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी एवं मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन श्रीमती नीता राठौर के बहुत आभारी हैं कि उन्होंने इस दिशा में बहुत ही अच्छा प्रयास किया। इसी प्रकार तीन-चार वर्षो से लगातार या देखा जा रहा था कि लेबर कॉन्टैक्ट के ठेके में फाइनेंशियल कमिटमेंट होने के बाद में भी उक्त कार्य ठेकेदारों को नहीं दिया जा रहा था। जिसका मुख्य कारण कई कार्यपालन यांत्रियों द्वारा सही समय पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार न करना एवं उसके वर्क आर्डर ना बनाना था। आप शक्ति भवन से ही डायरेक्ट इसकी मॉनिटरिंग होने के कारण प्रोजेक्ट एवं फाइनेंशियल कमिटमेंट पूरा करने के लिए भी प्रयास चालू हो चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### बिना निमंत्रण कैसे आए बोला तो कर दी मारपीट

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत ग्राम छीनापानी में शादी में निमंत्रण नहीं मिलने पर गुस्साएं एक बदमाश ने एक युवक के साथ मारपीट कर युवक को घायल कर दिया। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जलगांव निवासी 21 वर्षीय अजय कोल गत रात गांव के पवन कोल की बारात में ग्राम छीनामानी गया था। वहीं पर लमती पनागर निवासी आयुष गोटिया मिला जिसे उसने कहा कि तुम्हारा तो शादी में निमंत्रण नहीं है इसी बात से नाराज आयुष ने देर रात 1 बजे उसके साथ मारपीट कर सिर व कान के पास चोटें पहुंचा दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 324, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### बाईक आपस में टकराई, 1 की मौत दूसरा घायल

**जबलपुर।** कुण्डम थाना अतंर्गत ग्राम सदाफल के आगे व्रेशर के पास कुण्डम जा रहे एक बाईक को दूसरी बाईक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाईक सवार दोनों युवक नीचे गिर गए, जिनमें से एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरा घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं टक्कर मारने वाला बाईक चालक भी गिरने के बाद कुण्डम तरफ भाग गया। कुण्डम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम समनापुर निवासी महेश मरकाम गत दोपहर 1 बजे अपनी बाईक में मनोज चक्रवर्ती को पीछे बैठाकर कुण्डम की ओर जा रहा था। उसी समय पीछे से आ रही एक बाईक क्रमांक एमपी 20 जेड के 7731 के चालक ने गेंदलाल परस्ते की बाईक को ओवरटेक करते हुए, महेश मरकाम की बाईक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे महेश मार्को और मनोज चक्रवर्ती दोनों बाईक सहित गिर गए। एक्सीडेंड करने वाला बाईक चालक गिरने के बाद उठकर बाईक से कुण्डम तरफ भाग गया। घायल महेश के सिर, कान में और मनोज के पैर में चोटें आ गई। जिन्हें 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया, जहां इलाज के दौरान महेश मार्को की मौत हो गई वहीं मनोज का उपचार चल रहा है।

### फोन पे के जरिए एकाउंट से 91 हजार रुपए निकाले

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत कोतवाली मोहल्ला में सब्जी खरीदने बाजार गए एक युवक का मोबाइल अज्ञात चोर चोरी कर ले गया और मोबाइल के माध्यम से फोन पे द्वारा 91 हजार 200 रुपए निकाल लिए। पुलिस ने लिखित शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 6 कोतवाली मोहल्ला निवासी 49 वर्षीय कृष्ण कुमार साहू ने बरेला थाने में एक लिखित शिकायत की है कि गत शाम 5.30 बजे वह बाजार सब्जी खरीदने गया था, जहां पर अज्ञात व्यक्ति ने उसका मोबाइल चुरा लिया और मोबाइल के माध्यम से फोन-पे द्वारा उसके खाते से 91 हजार 200 रुपए निकाल लिए है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 379, 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# वैशाख माह में तीज-त्योहारों की रहेगी धूम, भगवान शिवलिंग के ऊपर रखे गए मटके

हरिभूमि, जबलपुर

हिंदू नववर्ष का दूसरा माह वैशाख मंगलवार से शुरू हो गया है। इस माह से भगवान शिव की पूजा खासतौर पर की जाती है। ये माह 23 मई तक चलेगा। मंदिरों में वैशाख माह की शुरुआत से ही भगवान शिवलिंग के ऊपर मटके रखे गए हैं। पूरे माह भगवान भोलेनाथ को इससे ठंडा जल चढ़ेगा। इसके अलावा मंदिरों में अब भगवान की दिनचर्या भी बदल जाएगी। भगवान को ठंडे पद्धार्थों का भोग लगाया जाएगा तो वहीं शनिवार को वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि सुबह 8 बजकर 17 मिनट पर शुरू होगी और यह तिथि 28 अप्रैल को सुबह 8 बजकर 21 मिनट तक मान्य रहेगी। इस माह में विशेष रूप से अक्षय तृतीय पर्व रहेगा। इस बार गजकेसरी योग बना रहा है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं.शिवशंकर तिवारी ने बताया कि इस माह में भगवान भोलेनाथ को या शिवलिंग पर जल चढ़ाने अथवा गलंतिका बंधन करने का (पानी की मटकी बांधना) विशेष पुण्य बताया जाता है। धर्मशास्त्र में इस माह का विशेष उल्लेख किया गया है, जिसके अन्तर्गत चौराहों पर प्याऊ लगाना, छायादार वृक्ष की रक्षा करना, पशु-पक्षी के खान-पान की विशेष व्यवस्था करवाना एवं श्रद्धा से भगवान शिव को संतृप्त करना ये सभी सात्विक कर्म मनुष्य जीवन को आगे बढ़ाने में सहायक होते हैं। इस दृष्टि से यह माह विशेष पुण्य फलदायी माना गया है।


विनायक चतुर्थी 11 मई को मनाई जाएंगी

**इस माह मनेगी भगवान परशुराम जयंती, अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त में होंगी शादियां**

### 3 राशि वालों के लिए रहेगा शुभ

पं.शिवशंकर तिवारी ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन गजकेसरी योग और धन योग बन रहे हैं। जो 3 राशि वालों के लिए बेहद शुभ रहेंगे। वहीं दूसरी ओर इस दिन सूर्य और शुक्र की मेष राशि में युति हो रही है, जिससे शुक्रादित्य योग बन रहा है। इसके साथ ही मीन राशि में मंगल और बुध की युति से धन योग, शनि के मूल त्रिकोण राशि कुंभ में होने से शश योग और मंगल के अपनी उच्च राशि मीन में रहकर मालव्य राजयोग और वृषभ राशि में चंद्रमा और गुरु की युति से गजकेसरी योग बन रहा है।

### ये रहेंगे पर्व

4 मई - वरुथिनी एकादशी, वल्लभाचार्य जयंती
5 मई - प्रदोष व्रत
6 मई - मासिक शिवरात्रि
8 मई - वैशाख अमावस्या
10 मई - अक्षय तृतीया, परशुराम जयंती
11 मई - विनायक चतुर्थी
19 मई - मोहिनी एकादशी
20 मई - प्रदोष व्रत (शुक्ल)
23 मई - वैशाख पूर्णिमा व्रत, बुद्ध पूर्णिमा

### नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की: वार्ड नम्बर 11 में चल रही भागवत कथा

# श्रीकृष्ण ने जन्म लेकर कंस के अत्याचार से पृथ्वी को मुक्त कराया : डॉ. मुकुंददास

**सिहोरा।** वार्ड नम्बर 11 ग्लोरियस स्कूल में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के चौथे दिवस श्रीकृष्ण अवतार की मीमांसा करते हुए कथा वाचक डॉ स्वामी मुकुंददास जी महाराज गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर ने कहा की जब कंश के अत्याचार से तीनों लोक त्राहि-त्राहि कर उठे तो भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लेकर कंश के अत्याचार से प्रथ्वी को मुक्त कराया।

आगे कहा जब भगवान कृष्ण ने आधी रात को अवतार लिया तो कारागार के ताले अपने आप खुल गए और वासुदेव कृष्ण को टोकरी में रखकर गोकुल में छोड़ आए और वहां से माया रूपी बालिका को अपने साथ ले आए इधर जब कंश बच्चे के रोने की आवाज सुना तो कारागार की तरफ दौड़ पड़ा उनके हाथों से छीनकर जैसे ही उसने माया को जमीन पर पटकने का प्रयास किया तो वह उसके हाथ से छूटकर आकाश में चली गई और कहा की तुझे मारने वाला गोकुल में जन्म ले चुका है।



डॉ मुकुंददास ने आगे समुद्र मंथन की मिमांसा करते हुए कहा हमारे जीवन में जो भी संघर्ष होता है वो भी समुद्र मंथन की तरह होता है क्योंकि आगे चलकर उसमें जो सफलता मिलती है वही अम्रत होता है। उन्होंने खासकर युवा वर्ग के लिए कहा की हमारे घर में जो ग्रंथ रखें है उनको वो जरुर पढ़े उनमें ही उनकी सारी सफलता छुपी है। शिव जी की पूजन का अर्थ बताते हुए कहा की वो सभी का कल्याण करने वाले देवाधीदेव है। उन्होंने देव और दैत्य प्रवृत्ति की चर्चा करते हुए कहा जो सबकुछ सबको बांटकर खायें वो देवता जो पहले खा ले वो दैत्य आसूरी वृत्ति है। भगवान नाराज भी हो जाये तो गुरु के पास जाना चाहिए मगर गुरु को कभी नाराज नहीं करना चाहिए। आगे कहा गंगा का पुण्य लेने हरिद्वार जाना पड़ता है लेकिन नर्मदा जहां से भी बह रही हम उनका वही दर्शन करके पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। कथा में शैलेश्वर धाम सैलवारा के संत स्वामी कैलाशचंद जी महाराज ने पहुंचकर अपने आर्शीवचन से सभी को भाव विभोर कर दिया। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होते ही कथा स्थल पर उपस्थित भक्त गण आनंद में झूम उठे तथा हांथी घोडा पालकी जय कन्हैया लाल की जयघोष करने लगे ।कथा के पूर्व सुबोध पांडेय श्रीमती गीता पांडेय, प्रमोद पांडेय, प्रदीप पांडेय, अनिल पांडेय, रजनीश पांडेय आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।

# भगवान को प्राप्त करने के नौ मार्ग है : डॉ ब्रह्मचारी इन्दुभवानन्द

**जबलपुर।** शताब्दीपुरम उखरि में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के क्रम में रायपुर छत्तीसगढ़ से पधारे अनन्त श्री विभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज श्री के कृपापात्र शिष्य डॉ ब्रह्मचारी इन्दुभवानन्द जी महाराज श्री ने बताया कि भगवान को प्राप्त करने के नौ मार्ग है जिसे नवधा भक्ति कहा जाता है इसमें प्रथम भक्ति श्रवण कहलाती है भगवान परब्रह्म परमात्मा कान के माध्यम से भक्त के ह्रदय में जाकर उसके ह्रदय को पवित्र कर देते हैं तथा भगवान की भक्ति सहज में ही प्राप्त हो जाती है अन्य मार्गों की अपेक्षा भगवान की भक्ति वाला मार्ग अत्यंत सरल एवं सहज होता है। परमपूज्य ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज श्री का भी आज मंगलमय पदार्पण हुआ



उन्होंने बताया कि भगवान की प्राप्ति कठिन नहीं है जहां इच्छा उत्पन्न होती है उसके गर्भ में निवास करते हैं इसलिए भगवान को प्राप्त करने के लिए भगवान की कृपा अपेक्षित होती है भगवान संसाधनों से नहीं कृपा से प्राप्त होते हैं उपस्थित श्यामनारायण चौबे, संतोष दुबे पूजा दुबे जय चौबे अजय चौबे एवं समस्त चौबे परिवार आदि। उपस्थित रहे।




## स्त्री रोग विशेषज्ञों की दो दिवसीय स्टेट कांफ्रेंस प्रारंभ

**जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वाधान में प्रदेश के प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों के 'एम्पॉग्स' की दो दिवसीय स्टेट कांफ्रेंस शनिवार को तिलवारा रोड स्थित होटल में प्रारंभ हुई।

गर्भाशय को बचाएं तथा रुग्णता एवं मृत्यु की रोकथाम विषय पर आयोजित इस स्टेट कांफ्रेंस के पहले दिन किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं मे स्त्रार रोगों के बचाव एवं रोकथाम से संबंधित अपने शोध पत्रों और अनुभवों को राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों ने साझा किया एवं अपने विचार रखे।

स्टेट कांफ्रेंस का शुभारम्भ संचालक स्वास्थ्य एवं स्टेट नोडल प्रिवेंटिव गायनेकोलॉजी डॉ रचना दुबे की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। सम्मेलन में एंपॉग्स स्टेट कॉफ्रेंस में डॉ रचना दुबे ने पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) की रोकथाम एवं उपचार के विषय पर अपने विचार व्यक्त किये । बताना चाहेंगे की पीसीओएस की समस्या के समय में बहुत आम हो चुकी है । पांच में से हर दो महिलाओं को पीसीओएस हो रहा है। यह विभिन्न बीमारियों का लक्षण है, जिसमें मोटापा, मधुमेह, वजन बढ़ना, महिलाओं में पुरुषों की तरह चेहरे पर बाल आना, मुहांसे होना आदि शामिल है। निसंतानता का प्रमुख कारण भी पीसीओएस है। डॉ दुबे ने बताया कि पीसीओएस को जीवनशैली एवं खानपान में बदलाव कर एवं कुछ आवश्यक दवाओं के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। सम्मेलन का समापन रविवार 28 अप्रैल को होगा।

**मुफ्त में शराब नहीं देने पर बदमाशों ने मचाया उत्पात**

## मारपीट कर दुकान से शराब की पेटियां उठा ले गए

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत लिंक रोड पर स्थित एक शराब दुकान में चार बदमाशों ने मुफ्त में शराब नहीं देने पर जमकर उत्पात मचाया। बदमाशों ने न केवल दुकान के कर्मचारी के साथ मारपीट की बल्कि लोहे के पाईप से और दुकान में रखी शराब की बोतलें फेंककर उस पर हमला भी किया। बदमाश यही तक नहीं रुक उन्होंने दुकान में रखी शराब की पेटियां भी उठाकर ले गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

घटना के संबंध में मदनमहल थाना प्रभारी प्रवीण धुव्रे ने ईएमएस को बताया कि सेठीनगर गोरखपुर निवासी 26 वर्षीय शैलेष हजारिया गत शाम लगभग 4 बजे अपने साथी दिलीप जायसवाल के साथ लिंक रोड स्थित शराब दुकान में काम कर रहा था, उसी दौरान चार बदमाश प्रशांत राजपूत, अमन, सोनू एवं दीपेश दुकान पर आ गये और उन्होंने मुफ्त में शराब की मांग की। दुकान के कर्मचारी ने बिना पैसे के शराब देने से मना किया तो इस बात पर चारों आरोपी भड़क गए और शैलेष व दिलीप के साथ गाली गलौज करते हुये दुकान में घुस गये और मारपीट शुरु कर दी और दुकान में रखी शराब की बोतलें उठाकर फैंककर मारने लगे, जिससे शैलेष के सिर एवं कान के पास चोटे आ गयी। आरोपी द्वारा एफआईआर में दर्ज कराया गया है कि आरोपी प्रशांत राजपूत और अमर दुकान में रखी व्हाइटमिसचीप एवं मैजिक मूमेन्ट ब्रांड की शराब पेटी उठाकर ले गये। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 452, 327, 294, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



## राजेश सहारिया बने प्रांतीय सचिव

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि आज संगठन के महामंत्री ज़ियाउर्रहीम की अनुशंसा पर राजेश सहारिया को क्रमशः प्रांतीय सचिव एवं कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। ध्यान रहे की राजेश सहारिया लम्बे समय से संगठन के प्रति पूर्ण ईमानदारी, कर्मठता और निष्ठा से कार्य करते आ रहे हैं उनकी संगठन के प्रति इसी समर्पित भावना को देखते हुए संगठन के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें पदाधिकारी बनाया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, ज़ियाउर्रहीम, मीनुकान्त शर्मा, राकेश श्रीवास,आदि ने उपस्थित होकर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।




**श्री भोला शंकर गुप्ता-** छोटी ओमती निवासी श्री भोला शंकर गुप्ता का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गिरजा बाई अहिरवार-** सिंधी कैंप ठक्कर ग्राम वार्ड निवासी श्री शंकर लाल अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती गिरजा बाई अहिरवार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुंदर बाई ठाकुर-** कांचघर चौक के निकट निवासी श्री घनश्याम ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सुंदर बाई ठाकुर (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विद्या देवी धुसिया-** भरतीपुर निवासी श्री भगवान दास धुसिया की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या देवी धुसिया (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भूपति नायडू-** छुई खदान श्यामा मुखर्जी वार्ड निवासी श्री भूपति नायडू (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई-** छोटी ओमती पुत्री शाला के पास निवासी श्री मूलचंद की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रमिला नायडू-** गोरा बाजार केंट निवासी श्री प्रभाकर नायडू की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला नायडू (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अम्बाशाह पुरोहित-** नेपियर टाउन पजांबी हिंदू एसोसिएशन हाल के पास निवासी श्री अम्बाशाह पुरोहित (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री एचके निगम-** सत्य विहार कॉलोनी हाथीताल गोरखपुर निवासी श्री एचके निगम (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुभद्रा तिवारी-** गली नं. 2 त्रिमूर्ति नगर राम मंदिर के पीछे निवासी श्री मिट्ठू लाल तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती सुभद्रा तिवारी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

### सिहोरा के धनगवां में जमीनी विवाद पर माँ-बेटे पर प्राण घातक हमला

**जबलपुर।** सिहोरा थानांतर्गत धनगवां में जमीन पर कब्जा को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के माँ-बेटे पर प्राण घातक हमला कर दिया, जिसमें माँ-बेटे दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। अस्पताल पहुंची पुलिस को सिंगलदीप निवासी 34 वर्षीय राजा सेन ने बताया कि वह ग्राम धनगवां में रहता है, जहां 25 डिसमिल जमीन उसकी माँ व उसके नाम पर है। उक्त जमीन पर मुकेश सेन 20 सालों से कब्जा किए हुए है और खेती कर रहा है, वर्तमान में मुकेश ने उसकी जमीन पर मूंग बो दिया है। बीते दिवस राजा ने अपने खेत में बोर कराने के लिए बोरिंग मशीन बुलाई थी, तभी शाम 07 बजे खेत से वह अपनी माँ प्रेमबाई के साथ घर आया तो मुकेश सेन, कौशल सेन, सुनीता सेन, नीतू सेन कहने लगे कि बोरिंग नहीं करने देंगे और गालीगलौज करने लगे, उसने विरोध किया तो मुकेश सेन ने सब्बल से, कौशल, सुनीता ने डंडा से तथा लाठी से नीतू सेन ने मारपीट की, जिससे राजा व उसकी माँ को गंभीर चोटें आ गईं, शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा भुगत रहे बेकसूर यात्री

# और कितनी बलि लेगा नेशनल हाईवे बायपास सिहोरा तिराहा



**सिहोरा।** रीवा नागपुर राष्ट्रीय फोरलेन राजमार्ग में लगातार हो रही सड़क हादसों के चलते एन एच आई ने ब्लैक स्पॉट तो निश्चित कर दिए लेकिन इन स्थानों पर दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने उचित कदम न उठाए जाने के कारण आए दिन सड़कों पर लहू बह रहा है।

### इन एंट्री पॉइंट पर रोज घट रही दुर्घटनाएं

जबलपुर की सीमा में खजरी खिरिया चौराहा, इससे आगे महाराजपुर एंट्री प्वॉइंट पर,उससे आगे सिहोरा खितौला एंट्री पॉइंट,गाँधीग्राम, स्लीमनाबाद, तेवरी, ऐसे अन्य कई चिन्हित स्थान है जहाँ पर हाईवे पर ज्यादा हादसे हो रहे हैं। इन हादसों वाले हाईवे तिराहों और चौराहों पर आलम यह है कि हर माह किसी न किसी की दुर्घटना में जान जा रही है। इन स्थानों में शुमार सिहोरा खितौला एंट्री पॉइंट मैं आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटना में न जाने कितने लोग अपनी जान गंवा चुके ।सड़क हादसो के बने उक्त डेंजर जोन, पर अंडर व्हीकल पुल का निर्माण बैठकों में चर्चा तक सीमिति रह गया है।

### हादसों की वजह

फोरलेन हाईवे पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते । हाइवे पर ब्लैट स्पॉट चिन्हित कर व्यवस्थित करना भूले गए हैं। फोरलेन हाइवे पर आए दिन हो रहे हादसे के बावजूद इसके जिम्मेदार इन हादसों से सबक नहीं ले रहे हैं। हाइवे पर कुछ जगहों को छोड़ दे तो ज्यादातर डेंजर प्वाइंट पर न तो संकेतक लगाए गए हैं और न ही क्रॉसिंग पर गति अवरोधक निर्मित किए गए हैं। सिहोरा खितौला एंट्री पॉइंट पर बायपास में मोड़ के पास खितौला सिहोरा से हाईवे पर जाने वाले वाहन सीधे मुख्य मार्ग पर आ जाते हैं जिसके कारण आए दिन हाइसे हो रहे हैं। उक्त डेंजर पॉइंट पर ना तो उचित संकेतक लगाए गए हैं और ना ही उचित प्रकाश व्यवस्था है।बढ़ते हादसों को लेकर एनएचएआई ने सर्वे कर एक प्रपोजल बनाया था लेकिन दृढ़ इच्छा शक्ति की कमी के चलते प्रपोज कागजों तक सीमित रह गया।इस संबंध में एन एच आई ए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर से बात करने की कोशिश की गई पर उनका काल नहीं उठा।

**नाम सुधार सूचना**

मैं, अनुभव अग्रवाल पिता दीपक कुमार अग्रवाल आयु लगभग 40 साल पता म.नं. 353 सदर केन्ट जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-(1) यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं। (2) यह कि मेरे समस्त दस्तावेजो मे मेरा नाम अनुभव अग्रवाल दर्ज है किन्तु मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम अनुभव कुमार अग्रवाल लिखा हुआ है।(3) यह कि मेरा सही व वास्तविक नाम अनुभव अग्रवाल पिता दिलीप कुमार अग्रवाल है। (4) यह कि मेरा नाम अनुभव अग्रवाल ही पढ़ा-लिखा जावे जिस बाबत् मै अपना यह शपथपत्र पेश कर रहा हूं।
सही नाम :-अनुभव अग्रवाल
गलत नाम :-अनुभव कुमार अग्रवाल

# उत्तराखंड में 4 दिन से धधक रहे जंगल, 11 जिलों में 1780 एकड़ जंगल प्रभावित



देहरादून। गर्मी शुरू होते ही उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की घटनाएं अचानक बढ़ गई हैं। सबसे ज्यादा असर गढ़वाल और कुमाऊ मंडल के 11 जिलों में है। गढ़वाल मंडल में पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, देहरादून और कुमाऊ मंडल में नैनीताल, बागेश्वर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। नैनीताल के भीमताल से सटे जंगलों में पिछले 4 दिनों से लगी आग शुक्रवार को खतरनाक हो गई। लपटें नैनीताल हाईकोर्ट कॉलोनी और आर्मी एरिया से कुछ दूर तक पहुंच गईं। अभी इलाका खाली नहीं कराया गया है।



### नैनीताल के जंगल की आग आईएएफ स्टेशन के पास पहुंची

हल्द्वानी जिले के नैनीताल में लगी आग अब वायुसेना स्टेशन तक पहुंच चुकी है। आग के तेजी से फैलाव को देखते हुए वन विभाग की मदद के लिए भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और भारतीय सेना को बुलाया गया है। आग बुझाने के काम में हेलीकॉप्टरों को लगाया है, स्थिति पर काबू पाने का प्रयास 36 घंटे से अधिक समय से चल रहा है। इस दौरान कई हेक्टेयर जंगल खाक हो चुका है।

### सीएम धामी बोले- जंगल की आग एक चुनौती

नैनीताल में लगी आग को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा, जंगल की आग हमारे लिए एक चुनौती है। ये बहुत बड़ी आग है। हमने सेना से मदद मांगी है। सरकार ने आग पर काबू पाने के लिए कदम उठाए हैं। मैं आज हल्द्वानी में एक बैठक करने जा रहा हूं। हमने इस संबंध में देहरादून में भी एक बैठक की है। आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।

**आर्मी एरिया के करीब पहुंची आग, सेना अलर्ट**

**गढ़वाल और कुमाऊ मंडल में आग का असर सबसे ज्यादा**

**आग बुझाने के लिए एमआई-17 हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल**

**मुख्यमंत्री ने बुलाई हाईलेवल बैठक**

**नैनी झील में नौकायन गतिविधियों पर रोक**



### आग से नुकसान और असर

- 720 हेक्टेयर जंगल को नुकसान, यह आंकड़ा और बढ़ेगा
- कुमाऊं मंडल सबसे ज्यादा प्रभावित
- दो लोग घायल, 15 करोड़ रुपए का नुकसान
- जानवर रिहायशी इलाकों में भाग रहे
- धुएं से लोगों को सांस लेने में परेशानी

### 26 घटनाएं कुमाऊं क्षेत्र में

- 5 घटनाएं गढ़वाल क्षेत्र में
- 33.34 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित
- 3700 कर्मचारियों को आग बुझाने लगाया

---

### श्रीलंका सरकार के इस फैसले से चीन हैरान

इसका कंट्रोल भारत को मिला

# श्रीलंका में चीन ने करोड़ों डॉलर से बनवाया एयरपोर्ट

एजेंसी ⏭ कोलंबो

श्रीलंका में भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंदिता लगातार जारी है। दोनों ही देश एक-दूसरे के हाथ से प्रोजेक्ट छीनने की फिराक में लगे रहते हैं, क्योंकि श्रीलंका में जिसके हाथों में ज्यादा प्रोजेक्ट रहेगा, हिंद महासागर में उसके पास उतनी ज्यादा बढ़त हासिल होगी।

श्रीलंका में जिस मटाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को चीन ने 209 मिलियन डॉलर की लागत से बनवाया था, उस एयरपोर्ट के मैनेजमेंट की जिम्मेदारी भारत और रूस की कंपनी को अगले 30 सालों के लिए मिला गया है। सरकार के इस फैसले ने ड्रैगन के पैरों तले जमीन छीन ली है। श्रीलंकन कैबिनेट के एक बयान में शुक्रवार को कहा गया है, कि सरकार ने मटाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का मैनेजमेंट भारत को सौंपने को मंजूरी दे दी है। इसका मकसद श्रीलंका सरकार की अपने सरकारी उद्यमों से घाटे को कम करने की कोशिश है।



### हवाई अड्डे का 2013 में हुआ था उद्घाटन

इस हवाई अड्डे का साल 2013 में उद्घाटन किया गया था। इस एयरपोर्ट का निर्माण विवादों में इसलिए घिर गया, क्योंकि इस एयरपोर्ट पर काफी कम कारोबार हो पाया। यहां काफी कम यात्री होने की वजह से लगातार उड़ानों की संख्या कम होने लगी और ये एयरपोर्ट पर्यावरण के लिहाज से भी काफी संवेदनशील साबित हो रहा है। बता दें, श्रीलंका, दर्जनों राज्य स्वामित्व वाली कंपनियों के ऊपर जो ऋण है और उसके जो घाटे हैं, उसे कम करने के लिए काम कर रहा है। वहीं, भारत ने संकटग्रस्त श्रीलंका को 2022 में 4 अरब डॉलर से ज्यादा की मानवीय मदद दी है, जिससे द्वीप देश संकट से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा है और धीरे धीरे पटरी पर लौट रहा है।

### राजपक्षे ने अपने गृहनगर में बनवाया एयरपोर्ट

एयरपोर्ट के निर्माण पर सवाल उठे और कई एक्सपर्ट ने कहा कि इस एयरपोर्ट से चीन ने श्रीलंका को एक और कर्ज के जाल में फंसाया है। राजपक्षे परिवार ने ये हवाई अड्डा अपने गृह नगर में बनवाया है, जहां जरूरत ही नहीं थी। हवाईअड्डे का प्रबंधन भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स लिमि. और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 साल के लिए सौंपा जाएगा।

---

### कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक

# भारत के रक्षा सचिव ने आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने का किया आह्वान

एजेंसी ⏭ अस्ताना

*कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक हुई। इसमें भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया।*

भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने 26 अप्रैल को कजाकिस्तान के अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में रक्षा सचिव ने एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने एससीओ सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए आतंकवाद के सभी रूपों के प्रति ज़ीरो-टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों द्वारा एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए। बैठक के उपरांत संयुक्त बयान में एससीओ के रक्षा मंत्रियों ने अन्य पहलों के अलावा, 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के विचार को विकसित करने पर सहमति व्यक्त की।





- *'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के विचार पर सभी ने दी सहमति*
- *अभिव्यक्तियों के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता का रुख अपनाने की अनिवार्यता*
- *सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों द्वारा एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए*
- *हिंद-प्रशांत के लिए सुरक्षा और विकास की अवधारणा पर भी प्रकाश डाला*

#### सुरक्षा और समृद्धि के माहौल को बढ़ावा दें

रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने आतंकवाद की सभी अभिव्यक्तियों के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता का रुख अपनाने की अनिवार्यता पर जोर दिया और इसे एससीओ सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण शर्त के रूप में मान्यता दी। समग्र दृष्टिकोण का उद्देश्य न केवल एससीओ ढांचे के भीतर बल्कि व्यापक भू-राजनीतिक परिदृश्य में सुरक्षा और समृद्धि के माहौल को बढ़ावा देना है। यह वार्षिक बैठक 25-26 अप्रैल तक अस्ताना में आयोजित की गई थी।

#### भारत के प्रस्ताव का किया गया उल्लेख

उल्लेखनीय है कि रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ व्यापक सम्मेलन के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रस्ताव का उल्लेख किया। इसके अलावा उन्होंने हिंद-प्रशांत के लिए भारत द्वारा प्रस्तावित 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर-एसएजीएआर)' की अवधारणा पर भी प्रकाश डाला।

### कंबोज बोलीं- डिजिटल ढांचे से भारत में 80% लोगों तक पहुंची वित्तीय सुविधाएं

**न्यूयॉर्क।** डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर बोलते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत ने 6 वर्षों में 80% लोगों तक वित्तीय सुविधाएं पहुंचाई हैं। ऐसे डिजिटल बुनियादी ढांचे के बिना इस उपलब्धि में दशकों लगते। सुरक्षा परिषद में उन्होंने कहा कि भारत की यात्रा डिजिटल परिवर्तनों की शुरुआत करने वाले अन्य देशों को एक सबक प्रदान करती है। कंबोज ने कहा कि हम आज यहां भारत में अरबों लोगों के सशक्तिकरण का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए हैं।



---

## खबर संक्षेप

### सैन्य अड्डे पर विस्फोट से 20 सैनिकों की मौत



**नोम पेन्ह।** कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने कहा है कि शनिवार दोपहर को देश के पश्चिमी हिस्से में एक सैन्य अड्डे पर आयुध सामग्री में विस्फोट से 20 सैनिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। मानेट ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि कम्पोंग स्पू प्रांत में सैन्य अड्डे पर विस्फोट के बारे में जानकर उन्हें 'गहरा झटका' लगा है। विस्फोट किस कारण से हुआ, फिलहाल इसकी वजह स्पष्ट नहीं है। पीएम मानेट भी विस्फोट का कारण नहीं बता पाए।

### अमेरिका में दुर्घटना में 3 महिलाओं की मौत



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राज्य दक्षिण कैरोलिना में एक सड़क दुर्घटना में कथित तौर पर 3 भारतीय महिलाओं की मौत हो गई। चालक ने तेज रफ्तार कार पर नियंत्रण खो दिया और वह हवा में लगभग 20 फुट उछलकर पेड़ों से टकरा गई। दुर्घटना में मरने वाली तीनों महिलाएं गुजरात के आणंद जिले की रहने वाली थीं। उनकी पहचान रेखाबेन पटेल, संगीताबेन पटेल और मनीषाबेन पटेल के रूप में की गई।

---

### लाल सागर में मिसाइल से बनाया निशाना

# हूती विद्रोहियों ने फिर भारत आ रहे जहाज पर किया हमला



#### इसलिए बना रहे जहाजों को निशाना

ईरान समर्थित हूती विद्रोही इजराइल-हमास युद्ध के बाद से ही लाल सागर और अदन की खाड़ी से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बना रहे हैं। हूती विद्रोही फलस्तीन के समर्थन में ऐसा कर रहे हैं और पहले हूती विद्रोहियों के निशाने पर इजराइल से संबंधित जहाज ही होते थे।

एजेंसी ⏭ लंदन

यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से भारत आ रहे जहाज पर मिसाइल से हमला किया। ब्रिटेन की मेरीटाइम सिक्योरिटी फर्म एंब्रे ने बताया है कि हमले के चलते जहाज को नुकसान हुआ है। जिस जहाज पर हमला हुआ, उस पर पनामा का झंडा लगा है, लेकिन जहाज का स्वामित्व ब्रिटिश कंपनी के पास है।

---

# ब्लिंकन बोले- रूस को उपकरण दे रहा चीन इनका हो रहा निदोष लोगों को मारने में इस्तेमाल

एजेंसी ⏭ बीजिंग



अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन तीन दिन के बीजिंग दौरे पर हैं। उन्होंने यूक्रेन के खिलाफ रूस के आक्रमकता को ताकत देने वाले चीनी उपकरणों के बारे में अमेरिका की गंभीर चिंताओं को दोहराया। उन्होंने कहा कि चीन मशीन टूल्स, माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स और नाइट्रोसेल्यूलोज का शीर्ष आपूर्ति करता है, जिसका इस्तेमाल मॉस्को अपने रक्षा औद्योगिक आधार को बढ़ाने के लिए कर रहा है। इनका इस्तेमाल गोला-बारूद और रॉकेट प्रणोदक को बनाने के लिए किया जाता है। पुतिन इस रक्षा औद्योगिक आधार का इस्तेमाल नागरिक बुनियादी ढांचे को नष्ट करने, निर्दोष बच्चों-महिलाओं और पुरुषों को मारने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

### मावली जंक्शन-खामली घाट मीटर गेज रेलमार्ग बना इतिहास

*जयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे के तहत राजस्थान के उदयपुर जिले में आने वाली आखिरी छोटी रेलवे लाइन जो मावली जंक्शन और खामली घाट के बीच है। उसे अब बंद कर दिया गया है। यहां ब्रॉडगेज का काम शुरू किया जा चुका है। यादगार के तौर पर राजस्थान के हेरिटेज को संभालते हुए मीटर गेज के थोड़े हिस्से को यादगार के तौर पर हमेशा के लिए छोड़ दिया है। ये हिस्सा मारवाड़ से देवगढ़ मदरिया के बीच आता है।*



---

### असम राइफल्स और पुलिस को मिली बड़ी सफलता, एक गिरफ्तार

# छापा: साबुन के डिब्बों में रखी मिली 8.4 करोड़ की हेरोइन

एजेंसी ⏭ आइजोल

मिजोरम की राजधानी आइजोल में म्यांमार के रहने वाले 49 साल के एक शख्स को स्मगलिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। शख्स के कब्जे से 8.4 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त की गई है। असम राइफल्स ने कहा कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस की एक संयुक्त टीम ने गुरुवार को आइजोल के तुइकुआल उत्तरी इलाके में छापेमारी की और म्यांमार के तमू शहर के निवासी वनबियाखिंग से 1.2 किलोग्राम हेरोइन जब्त की।



#### 110 साबुन के डिब्बों में छिपाया था मादक पदार्थ

*8.4 करोड़ रुपए मूल्य का प्रतिबंधित मादक पदार्थ 110 साबुन के डिब्बों में छुपाया गया था। बता दें कि मिजोरम में लगातार मादक पदार्थों की धरपकड़ होती रही है। कुछ दिन पहले ही मिजोरम के चंपई जिले में 30.10 लाख रुपए की हेरोइन जब्त की गई थी। असम राइफल्स ने राज्य पुलिस के सहयोग से भारत-म्यांमार सीमा के निकट जोटे गांव में एक ऑपरेशन चलाया था।*

#### कद्दू में भी छिपाकर लाए

*असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को कद्दू के अंदर छिपाकर रखी गई 3.5 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त की, जिसके पड़ोसी देश म्यांमार से तस्करी कर लाए जाने का संदेह है। पुलिस ने कहा कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने जिरीबाम में फ़िरजावल जिले के टिपाईमुख से दक्षिणी असम के कछार की ओर जा रहे एक पिकअप ट्रक को रोका और दो ड्रग तस्करों- अब्दुल मन्नान मजूमदार और खलील उल्ला बारभुइया को गिरफ्तार किया। 30 साबुन के डिब्बों में 363.45 ग्राम हेरोइन मिली, जो सब्जियों के साथ पिकअप ट्रक में लदे कद्दू में छिपाई गई थी।*

#### इलाके में लगातार पकड़े जा रहे तस्कर

असम राइफल्स ने अपने बयान में बताया कि एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और ऐसा माना जा रहा है कि आरोपी इसे म्यांमार से तस्करी कर लाया था। बता दें इससे पहले भी आइजोल में 325.3 ग्राम हेरोइन जब्त की गई थी, जिसकी कीमत 2.27 करोड़ रुपए है। इसके साथ ही 3 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। असम राइफल्स ने बताया था कि 13 अप्रैल को एक अन्य अभियान में लॉन्ग्तलाई जिले के वासेकी थाना क्षेत्र के पारवा गांव में 20 गोली वाली एक मैगजीन जब्त की गई।

---

### बिजली टॉवर और सड़कें भी टूटीं

# जम्मू-कश्मीर के रामबन में जमीन धंसी, घरों में दरारें


एजेंसी ⏭ रामबन

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिला मुख्यालय से 5 किमी दूर पेरनोट गांव में जमीनों के धंसने से इलाके में बड़ा खतरा हो गया है। जमीन धंसने से 50 से अधिक घरों पर इसका प्रभाव पड़ा है। चार बिजली टावर, एक रिसीविंग स्टेशन और एक मुख्य सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई। दो दिन पहले पेरनोट गांव में अचानक जमीन धंसने के बाद घरों में दरारें आने लगी थीं। सड़क संपर्क टूटने से कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को विवश होना पड़ा।



#### विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई

डिप्टी कमिश्नर चौधरी ने कहा कि अधिकारियों ने जमीन धंसने की वजह जानने के लिए भूविज्ञान विशेषज्ञों को बुलाया है। प्रभावित आबादी के पुनर्वास और आवश्यक सेवाओं की बहाली की निगरानी के लिए अधिकारियों की एक टीम भी तैनात की गई है।



# अक्षय कुमार की 4 फिल्में इस साल होंगी रिलीज़

**मुंबई।** अक्षय कुमार फिल्म इंडस्ट्री के बड़े एक्टर्स की लिस्ट में शामिल हैं। आमिर या सलमान खान की तरह साल में एक नहीं बल्कि 4 से 5 फिल्में रिलीज कर देते हैं। हालांकि, उनकी ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाती हैं। इस साल एक्टर की चार फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। 12 जुलाई को अक्षय कुमार सरफिरा में नजर आने वाले हैं। ये तमिल की सुपरहिट फिल्म सोरारई पोटरू का हिंदी रीमेक है। अक्षय कुमार एक बार फिर मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म खेल खेल में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म इस साल 6 सितंबर को रिलीज होगी। स्काई फॉर्स एक जबरदस्त एक्शन फिल्म होने वाली है।

लाइफ Style

# मृणाल

## माता-पिता की वजह से ठुकरा दी कई फिल्में

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मृणाल ठाकुर हर किरदार बखूबी अदा करती है। अपनी इसी खूबी के चलते वह दर्शकों पर असर छोड़ती है। 'जर्सी' से लेकर 'सीता रामम' और 'हाय पापा' तक, कई फिल्मों के जरिए उन्होंने खुद को साबित किया है।

मृणाल की जिंदगी में एक ऐसा भी समय था, जब उन्हें कई सारी फिल्में सिर्फ इसलिए रिजेक्ट करनी पड़ीं, क्योंकि उनके अभिभावकों ने इनकार किया था। अभिनेत्री ने इसकी वजह भी बताई है। मृणाल ठाकुर के करियर में ऐसा समय था, जब उन्हें कुछ फिल्में रिजेक्ट करनी पड़ीं। इसकी वजह थी इंटीमेट सीन। दरअसल, मृणाल ठाकुर के पास जिन फिल्मों के ऑफर आ रहे थे, उनमें इंटीमेट सीन की दरकार थी। वहीं, उनके माता-पिता इस चीज को लेकर सहज नहीं थे। हालांकि, आगे चलकर एक वक्त ऐसा आया कि अभिनेत्री ने अपने माता-पिता को यह समझाया कि वह इस तरह स्क्रिप्ट्स को रिजेक्ट नहीं करती रह सकतीं। मृणाल का कहना है, 'मैं वास्तव में वैसे सीन करने में सहज नहीं थी, जो इंटीमेट थे'।

उन्होंने आगे कहा कि उनके अभिभावकों ने भी इसकी इजाजत नहीं दी। लेकिन, फिर एक ऐसा समय आया कि उन्हें अपने माता-पिता से इस बारे में बात करनी पड़ी। मृणाल ने कहा, 'मैं डरी हुई थी। मैं सिर्फ फिल्मों को 'न' कह रही थी। लेकिन, कब तक न कहती रहती? एक ऐसा वक्त आया, मुझे अपने माता-पिता के साथ बैठकर चर्चा करनी पड़ी।



हॉलीवुड मसाला



# ब्रिटनी को पिता से मिली आजादी

**लॉस एंजिलिस।** ब्रिटनी स्पीयर्स हॉलीवुड की बेहतरीन सिंगर्स में से एक हैं, जो अपने गानों से कम और विवादों से ज्यादा सुर्खियां बटोरती हैं। कभी एक्स ब्वॉयफ्रेंड पर आरोप, पति से तलाक और पिता के साथ 'कंजरवेटरशिप' को लेकर बवाल, आए दिन ब्रिटनी हेडलाइंस में अपनी जगह बना ही लेती हैं। खैर, सिंगर का एक विवाद सालों बाद आखिरकार खत्म हो गया है। ब्रिटनी स्पीयर्स का पिता जेमी स्पीयर्स के साथ 'कंजरवेटरशिप' को लेकर विवाद चल रहा था। कुछ साल पहले 'कंजरवेटरशिप' खत्म होने के बाद ब्रिटनी ने दावा किया था कि उनके पिता उन्हें ड्रग्स देते हैं।



# एआई की दुनिया में जेनिफर ने दिखाया एक्शन का दम

**लॉस एंजिलिस।** जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की बेहतरीन अदाकारा हैं। साल 1993 में डेब्यू करने वाली जेनिफर ने तीन दशक के करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है और इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यूं तो जेनिफर ने कई तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन वह पहली बार साइंस फिक्शन फिल्म में अपना दमखम दिखाने जा रही हैं। जेनिफर लोपेज आगामी फिल्म 'एटलस' में एक्शन करती दिखाई देंगी। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ऐसा पहली बार है, जब ब्यूटी क्वीन किसी साई-फाई मूवी में नजर आ रही हैं। फिल्म के ट्रेलर में जेनिफर का किरदार देखने लायक है। 'एटलस' के ट्रेलर की शुरुआत जेनिफर से होती है, जो एटलस शेफर्ड का किरदार निभा रही हैं। एटलस एक तेज-तर्रार डाटा एनलिस्ट है, जिसे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से नफरत है।



# मना किया ईशान की मां का रोल ...

**मुंबई।** धमाल और वेलकम जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत को प्रीतिश नन्दी की प्रोडक्शन के तहत बन रही वेब सीरीज में रोल ऑफर हुआ था। हालांकि, खबर है कि मल्लिका शेरावत ने फिल्म में काम करने से मना कर दिया है। मल्लिका शेरावत ने इस प्रोजेक्ट के लिए लुक टेस्ट भी दिया था। अब ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने रोल करने से मना कर दिया? रिपोर्ट के मुताबिक, मल्लिका शेरावत का कहना था कि अगर वो मां का रोल निभा रही हैं, वो भी ईशान खट्टर की मां तो उनका किरदार दिलचस्प होना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं था। इसलिए उन्होंने इस प्रोजेक्ट में काम करने से मना कर दिया। मल्लिका के पब्लिसिस्ट की मानें तो मल्लिका ने फरवरी में ही प्रोडक्शन हाउस के साथ क्रिएटिव डिफ्रेंस के चलते यह शो करने से मना कर दिया था।



# फिल्म शोले के एक्टर के बेटे हैं शरमन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शरमन जोशी इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। करियर के शुरुआती दौर में एक्टर को स्टाइल, एक्सक्यूज मी जैसी फिल्मों में देखा गया था। इसके अलावा 3 इडियट्स, गोलमाल, ढोल जैसी फिल्मों ने ऑडियंस को इम्प्रेस करने वाली शानदार परफॉर्मेंस दी। शरमन जितना फिल्मों में एक्टिव हैं उतना ही अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना पसंद करते हैं। सोशल मीडिया पर भी एक्टर अपने तीनों बच्चों और परिवार संग कम ही तस्वीरें शेयर करते आए हैं। प्रेम चोपड़ा के दामाद शरमन का खुद का परिवार फिल्मों से जुड़ा हुआ है। उनके पिता अरविंद जोशी गुजराती और हिंदी फिल्मों में एक्टिव रहे हैं। शोले फिल्म में ठाकुर साहब के तीन बेटों में सबसे बड़े अरविंद जोशी ही थे जिन्हें गब्बर अपनी गोलियों से भून देता है।

टीवी मसाला



# गोविंदा ने कृष्णा के बच्चों को दिया आशीर्वाद

**मुंबई।** गोविंदा और कृष्णा अभिषेक के बीच पिछले करीब आठ सालों से विवाद चल रहा था। मामा-भांजा का ये खूबसूरत रिश्ता कुछ ऐसा बिगड़ा कि इतने सालों तक कोई बातचीत नहीं हुई। लेकिन आरती सिंह की शादी में गोविंदा ने बेटे यशवर्धन के साथ पहुंच कर पुरानी लड़ाई को भुलाकर फिर से रिश्ता जोड़ा है। अब इस शादी का एक खूबसूरत वीडियो सामने आया है जिसमें कश्मीरा शाह ने अपना वादा निभाते हुए गोविंदा के पैर छुए और उनसे आशीर्वाद लिया। गोविंदा ने कृष्णा के दोनों बेटों को भी प्यार और आशीर्वाद दिया जिसे देखने के बाद कश्मीरा अपने आंसू नहीं रोक पाईं। कृष्णा ने अपनी बहन आरती सिंह की शादी को ग्रैंड बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। शादी में टीवी और बॉलीवुड सेलेब्रिटीज ने चार चांद लगा दिए। शादी के वीडियो में कश्मीरा शाह मामा गोविंदा को देखते हुए उनके पैर छूती दिख रही हैं।

## मन्नारा ने जीता 'सबसे प्रभावशाली युवा भारतीय' का खिताब

**मुंबई।** बिग बॉस सीजन 17 के बाद से चर्चा में आईं मन्नारा चोपड़ा लगातार लाइमलाइट में बनीं रहती हैं। अब मन्नारा ने 'सबसे प्रभावशाली युवा भारतीय' का खिताब अपने नाम किया है। मन्नारा चोपड़ा ने मुंबई के एक इवेंट में 'सबसे प्रभावशाली युवा भारतीय' का पुरस्कार जीता। इसकी खबर मन्नारा ने अपने इंस्टाग्राम पर दी। मन्नारा ने अवार्ड के साथ अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में मन्नारा ब्लैक कलर की ड्रेस में बेहद स्टनिंग लग रही हैं। मन्नारा के इसी पोस्ट को प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टा अकाउंट पर पोस्ट किया है। प्रियंका चोपड़ा ने मन्नारा की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, "बधाई।" प्रियंका की स्टोरी को ही मन्नारा ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर करते हुए लिखा, "थैंक्यू दीदी, हम जब मिलेंगे तो जश्न मनाएंगे, लव यू हमेशा।" बता दें, मन्नारा चोपड़ा बिग बॉस सीजन 17 का हिस्सा थीं। शो में वो सेकेंड रनरअप रहीं थीं।



# कृष्णा मुखर्जी ने सुनाई आप बीती खोली प्रोड्यूसर की पोल

**मुंबई।** कई टीवी सीरियल्स में काम कर इंडस्ट्री में अपने लिए नाम बना चुकीं एक्ट्रेस कृष्णा मुखर्जी ने एक दर्दनाक एक्सपीरियंस का खुलासा किया है। उन्हें इस इंडस्ट्री में एक दशक से भी ज्यादा का समय बीत चुका है। कृष्णा ने 'नागिन 3', 'कुछ तो है: नागिन के एक रंग में' सहित कई सीरियल्स में काम किया है। मगर उन्हें पहचान 'ये है मोहब्बतें' से मिली। हाल ही में कृष्णा ने 'शुभ शगुन' के सेट पर उनके साथ किए गए गलत व्यवहार का खुलासा किया है। कृष्णा मुखर्जी ने इंस्टाग्राम पर खुलासा किया है कि वह पिछले डेढ़ साल से काफी कुछ झेल रही हैं। उनके साथ 'शुभ शगुन' के सेट पर काफी कुछ ऐसा हुआ, जिसके बारे में बात करने की उनमें हिम्मत नहीं थी, लेकिन अब वह इस बारे में बात कर रही हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि जब उनकी हेल्थ ठीक नहीं थी, तो उन्हें मेकअप रूम में बंद कर दिया गया था। उन्हें प्रोड्यूसर्स से धमकी मिली, जिस कारण वह बोलने से डरती रहीं। दोबारा ऐसी चीज न हो, इसके डर से वह नए प्रोजेक्ट साइन करने से बच रही हैं।





# प्रियंका को शुरुआत में मिला था रिजेक्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें मिले रिजेक्शन्स के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने उन घटनाओं को याद किया जब उन्हें फिल्मों में रोल नहीं मिलते थे। इस पॉडकास्ट में उन्होंने कहा कि रिजेक्शन्स को हैंडल करना आसान नहीं होता है। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे एक बार उन्हें फिल्म में कास्ट नहीं किया गया था क्योंकि उनकी जगह किसी की गर्लफ्रेंड को कास्ट कर लिया गया था। पॉडकास्ट 'रीड द रूम' में उन्होंने कहा कि रिजेक्शन्स से डील करना बहुत मुश्किल होता है। खासकर वैलिडेशन पर मिलने वाली नौकरियों में। उन्होंने कहा कि कितने लोग आपकी मूवी देखने आ रहे हैं या आपके डायरेक्टर को आपका काम कैसा लगा या आपका कास्टिंग एजेंट आपके बारे में क्या सोच रहा है, यह सब सब्जेक्टिव होता है। ऐसे में रिजेक्शन्स हैंडल करना आसान नहीं होता है।

### लेडी गागा ने ऑस्कर और ग्रैमी जैसे अवार्ड जीते हैं

# बड़े सितारों ने प्लास्टिक सर्जरी की अफवाहों से किया इनकार

*मुंबई। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक कई अभिनेताओं और अभिनेत्रियों ने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है। कई सितारों ने इस प्रक्रिया के चलते अपनी जान भी गंवा दी, तो वहीं, कई के चेहरे और शरीर सर्जरी के बाद भद्दे हो गए। हालांकि, कई सितारों की सर्जरी सफल रही और वह पहले से ज्यादा खूबसूरत दिखने लगे। ऐसे में अफवाहों का बाजार भी खूब गर्म रहता है। आज हम ऐसे ही सितारों की बात करने जा रहे हैं, जिन्हें लेकर अफवाह उड़ी की उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी करवा ली है, लेकिन इन सितारों ने अफवाहों का खंडन कर दिया।*



### प्रियंका चोपड़ा

सालों से प्रियंका चोपड़ा को लगातार अफवाहों का सामना करना पड़ा है कि उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस पर अभिनेत्री ने खुलासा किया था कि उन्होंने नाक के पॉलीप के इलाज के लिए सर्जरी करवाई थी, जिसके कारण अनजाने में उनकी नाक के लिए सुधारात्मक प्रक्रियाएं हुईं।



### वाणी कपूर

अभिनेत्री वाणी कपूरी को भी ठोड़ी की सर्जरी की अफवाहों का सामना करना पड़ा है। हालांकि, उन्होंने इन दावों का खंडन कर दिया। अपने चेहरे में आए बदलावों का कारण उन्होंने वजन कम होने को बताया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक साक्षात्कार में अभिनेत्री ने यह तर्क भी दिया कि इस उद्योग में वह नई हैं, इसलिए वो सर्जरी का खर्च नहीं उठा सकतीं।

### राजकुमार राव




हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की एक फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। वायरल फोटो देखने के बाद लोगों ने दावा करना शुरू कर दिया कि अभिनेता ने प्लास्टिक सर्जरी करवा ली है। हालांकि, एक साक्षात्कार में अभिनेता ने इस बात का खंडन कर दिया। राजकुमार राव ने कहा कि उन्होंने कोई सर्जरी नहीं करवाई है।

### लेडी गागा

हॉलीवुड की मशहूर हस्तियों में से एक नाम है 'लेडी गागा' का। लेडी को भी सर्जरी की अफवाहों से गुजरना पड़ा है। लेडी गागा ने ऑस्कर और ग्रैमी जैसे अवार्ड जीते हैं। लेडी गागा भी हाल ही में चेहरे पर इंजेक्शन लगाने के प्रयोग के बारे में सफाई दी है। लेडी गागा हॉलीवुड की आगामी फिल्म 'जोकर 2' में दिखेंगी।

